

आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करण: जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...



web: www.atulyasansar.com | Digital Edition | www.liveworldnews.in

वर्षः 10 | अंकः 335 | जयपुर, सोमवार 15 जून, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4



इंदिरा गांधी अगर... पेज 2

लाहार्गल में अमावस्या... पेज 3


## जयपुर एयरपोर्ट पर सेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग




### बीमार जवान के लिए बनाया ग्रीन कॉरिडोर

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर सेना के एक हेलीकॉप्टर की मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सूरतगढ़ में तैनात सेना का एक जवान अचानक गंभीर रूप से बीमार हो गया था, जिसे बेहतर इलाज के लिए तुरंत जयपुर लाया गया। बता दें कि जैसे ही हेलीकॉप्टर जयपुर एयरपोर्ट पर उतरा, वहां पहले से तैयार एंबुलेंस और सुरक्षाकर्मी अलर्ट मोड पर आ गए। समय बचाने और जवान को बिना किसी देरी के अस्पताल पहुंचाने के लिए प्रशासन ने एयरपोर्ट से लेकर मिलिट्री अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया। इसके बाद जवान को तुरंत आर्मी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज शुरू कर दिया गया है। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार की रात एक बड़ा हादसा टल गया। जयपुर से जेद्दा (सऊदी अरब) जा रहे एक विमान से उड़ान भरते ही एक पक्षी टकरा गया। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने मुस्तैदी दिखाते हुए विमान को तुरंत वापस बुला लिया।

## वित्त आयोग अध्यक्ष के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की चेतावनी

### अरुण चतुर्वेदी ने कहा था- अक्टूबर-दिसंबर से पहले होंगे पंचायत-निकाय चुनाव; संयम लोढ़ा बोले- यह कोर्ट की अवमानना



**जयपुर।** प्रदेश में पंचायत-निकाय चुनाव को लेकर बयानबाजी लगातार जारी है। विपक्ष लगातार सरकार पर चुनाव टालने का आरोप लगा रहा है। इसी बीच राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी के बयान के बाद पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। दरअसल वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने शनिवार को भीलवाड़ा में मीडिया के सवाल पर कहा था- एक राज्य, एक चुनाव के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार अक्टूबर से दिसंबर महीने के बीच हर हाल में चुनाव करा लेगी। इस पर पूर्व विधायक और राजस्थान हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता रहे संयम लोढ़ा ने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे अरुण चतुर्वेदी को यह ध्यान होना चाहिए कि राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकार और राज्य चुनाव आयोग को 31 जुलाई तक चुनाव कराने के निर्देश दे रखे हैं। ऐसे में उनका यह बयान सरकार को भड़काने की कोशिश है कि वह हाईकोर्ट के आदेश की पालना नहीं करें।

## दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के कॉन्स्टेबल को टेंपो ने कुचला, मौत



**बहरोड़।** बहरोड़ क्षेत्र के जटगांवड़ा निवासी हेड कॉन्स्टेबल अनिल यादव (39) का सड़क हादसे में निधन हो गया। अनिल दिल्ली ट्रैफिक पुलिस में तैनात थे। रविवार को उनकी पार्थिव देह पैतृक गांव पहुंची। जहां पुलिस सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अनिल यादव के बड़े बेटे आदित्य यादव (19) ने पिता को मुखाग्नि दी।

### सड़क हादसे में हुआ निधन

दिल्ली पुलिस के एएसआई सुरेंद्र यादव ने बताया- हेड कॉन्स्टेबल अनिल यादव शनिवार शाम 5:30 बजे दिल्ली के रिंग रोड स्थित आईएसबीटी कश्मीरी गेट क्षेत्र में शांति वन से चंदगीराम अखाड़ा जाने वाले रास्ते पर ट्रैफिक ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान हनुमान मंदिर की तरफ से आ रही एक स्कूटी ने अनिल को जोरदार टक्कर मार दी। इससे अनिल सड़क पर गिर गए। इस दौरान पीछे से आ रहे लोडिंग टेंपो ने उन्हें कुचल दिया।

### स्कूटी सवार फरार, लोडिंग टेंपो जब्त

हादसे के बाद अनिल को गंभीर हालत में ट्रोमा सेंटर लेकर जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्कूटी सवार मौके से फरार हो गए। जबकि लोडिंग टेंपो को पुलिस ने जब्त कर लिया। रविवार दोपहर 2 बजे अनिल का शव उनके पैतृक गांव पहुंचा। अनिल यादव परिवार के इकलौते बेटे थे। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। अनिल यादव की मां कमलेश देवी चलने में असमर्थ थीं। इस पर परिवार के लोग अंतिम दर्शन के लिए उन्हें शव के पास लेकर पहुंचे। बेटे के शव को देखकर मां बेसुध हो गईं।

## बीजेपी कार्यालय में बिजली गुल होने का मामला

# निलंबित कर्मचारी ने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिख गुहार लगाई, कहा–बिना दोष किया मानसिक रूप से प्रताड़ित



**जयपुर।** गत दिनों केंद्रीय मंत्री की प्रेसवार्ता के दौरान हुई बिजली कटौती (ट्रिपिंग) के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस घटना के बाद निगम प्रशासन द्वारा सीधे तौर पर दोषी ठहराए गए और निलंबित किए गए इलेक्ट्रिशियन प्रथम बाबू सिंह ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित कर्मचारी का आरोप है कि इस पूरी घटना में उनका कोई दोष नहीं था, फिर भी उन पर दुर्भावनापूर्ण तरीके से एकतरफा कार्रवाई की गई है। ऊर्जा मंत्री को भेजे गए भावुक पत्र में बाबू सिंह ने स्पष्ट किया है कि वे विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के हीरापुरा (जयपुर) स्थित 400 के.वी. पावर हाउस में इलेक्ट्रिशियन प्रथम के पद पर कार्यरत हैं और वहां मेंटेनेंस (रखरखाव) का कार्य संभालते हैं। उन्होंने बताया कि बीती 11 जून 2026 को शाम करीब 4:00 बजे जब पावर हाउस पर ट्रिपिंग आई, तो उस तकनीकी खराबी से उनका दूर-दूर तक कोई सीधा संबंध नहीं था। घटना के वक्त वे उस स्थान के आस-पास भी मौजूद नहीं थे। पत्र में कर्मचारी ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए लिखा केंद्रीय मंत्री जी की मीटिंग के दौरान सप्लाई बाधित होने के लिए मुझे सीधे तौर पर दोषी ठहराया गया है एवं निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई पूरी तरह से एकतरफा और गलत है, जिससे मैं अत्यधिक मानसिक तनाव और प्रताड़ना से गुजर रहा हूं। निलंबित कर्मचारी ने निगम प्रशासन पर न्यायोचित प्रक्रिया का पालन न करने और केवल बलि का बकरा बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। बाबू सिंह ने पत्र के अंत में ऊर्जा मंत्री से इस पूरे मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप करने की मांग की है।

उन्होंने निवेदन किया है कि वे इस पूर्वाग्रह से ग्रसित कार्रवाई को निरस्त कराने के लिए उच्चाधिकारियों को निर्देशित करें और एक निर्दोष कर्मचारी को मानसिक प्रताड़ना से मुक्त कर न्याय दिलवाने की कृपा करें। इस मामले के सामने आने के बाद बिजली विभाग के कर्मचारी संगठनों में भी अंदरूनी तौर पर रोष देखा जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि तकनीकी कारणों से होने वाली ट्रिपिंग के लिए किसी एक ग्राउंड स्टाफ को बिना पूरी जांच के सीधे तौर पर सस्पेंड कर देना प्रशासनिक जल्दबाजी को दर्शाता है। अब देखना यह होगा कि ऊर्जा मंत्री स्तर पर इस पत्र का क्या संज्ञान लिया जाता है और क्या पीड़ित कर्मचारी को निष्पक्ष जांच का मौका मिलता है।

# जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन को मिली हरी झंडी

### पहले पुलिस ने किया था इनकार, DCP संग बैठक के बाद जारी हुई अनुमति




**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी को आखिरकार अपने प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शन के लिए प्रशासन से अनुमति मिल गई है। नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में कमियां, बेरोजगारी और युवाओं से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर पार्टी का यह प्रदर्शन 15 जून को जयपुर के शहीद स्मारक पर आयोजित होना तय हुआ है। पहले पुलिस प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बिगड़ने का अंदेशा जताते हुए इस प्रदर्शन को मंजूरी देने से साफ इनकार कर दिया था। हालांकि, रविवार को जयपुर कमिश्नरेट में डीसीपी (साउथ) और पार्टी के प्रवक्ताओं के बीच करीब 2 घंटे तक चली एक अहम बैठक के बाद पुलिस ने अपनी अनुमति जारी की। फाउंडर अभिजीत दीपके पहुंचे जयपुर, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांगसोमवार दोपहर करीब 3 बजे गवर्नमेंट हॉस्टल स्थित शहीद स्मारक पर होने वाले इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके खुद जयपुर पहुंच रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से राजस्थान के युवाओं और आम जनता से एकजुट होने की अपील की है।

**अभिजीत दीपके का बयान:** नीट पेपर लीक के कारण राजस्थान के लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। अब वक्त है एकजुट होकर अपनी आवाज रखने का। हम सब मिलकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाएंगे। पहले क्यों रोक रही थी पुलिस जयपुर पुलिस उपायुक्त (साउथ) कार्यालय की ओर से पहले जारी किए गए आदेश में बताया गया था कि सीजेपी ने गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा स्थित शहीद स्मारक पर धरने की अनुमति मांगी थी। लेकिन आवेदन की जांच के बाद, तत्कालीन परिस्थितियों और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए इस प्रदर्शन की अनुमति देना संभव नहीं माना गया था और आवेदन रद्द कर दिया गया था। इस पर CJP राजस्थान के मीडिया इंचार्ज अभिषेक जैन बिट्टू ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा था कि पार्टी ने दिल्ली, पुणे, लखनऊ, अमृतसर, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे कई बड़े शहरों में हमेशा शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए हैं, जहां कभी कानून-व्यवस्था नहीं बिगड़ी। उन्होंने आरोप लगाया था कि राजस्थान में छात्रों, अभिभावकों और बेरोजगारों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

क्या है कॉकरोच जनता पार्टी और क्यों हुआ इसका गठन इस अनोखी पार्टी के गठन की कहानी बेहद दिलचस्प है, जो न्यायपालिका के एक बयान से जुड़ी है- बयान जिसने पार्टी को जन्म दिया- 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सीनियर एडवोकेट का दर्जा मांगने वाले एक वकील को फटकार लगाई थी। सुनवाई के दौरान देश के कुछ बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच और पैरासाइट (परजीवी) कहा गया था, जो बाद में सोशल मीडिया या ऋऋद्ध एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करते हैं। अमेरिका से हुई शुरुआत- इस बयान के विरोध में अगले ही दिन यानी 16 मई को अमेरिका से अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया (एक्स और इंस्टाग्राम) पर कॉकरोच जनता पार्टी की नींव रख दी।

**8 लाख से ज्यादा हस्ताक्षर:** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर 22 मई को पार्टी द्वारा शुरू की गई एक ऑनलाइन पिटीशन पर अब तक 8 लाख से ज्यादा लोग अपने हस्ताक्षर कर चुके हैं। आज दोपहर होने वाले इस प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने शहीद स्मारक और आस-पास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

### जयपुर में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

## कर्नाटक पुलिस के तीन कर्मी 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्नाटक पुलिस के तीन कर्मियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसीबी जयपुर नगर-प्रथम इकाई द्वारा मुख्यालय के निर्देश पर की गई। गिरफ्तार आरोपियों में बेंगलुरु के एच.ए.एल. थाने की उप निरीक्षक अनीथा के., हेड कांस्टेबल उलवप्पा और हेड कांस्टेबल यतीश शामिल हैं। एसीबी टीम ने उलवप्पा को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए मौके पर ही दबोच लिया, जबकि बाद में पूछताछ के आधार पर अन्य दोनों को भी गिरफ्तार किया गया। 2 लाख रुपए की मांग का मामला एसीबी को मिली शिकायत में परिवादी ने बताया कि उसकी पुत्रवधु द्वारा दहेज उत्पीड़न का मामला बेंगलुरु के एच.ए.एल. थाने में दर्ज कराया गया था। उसी केस की जांच के सिलसिले में कर्नाटक पुलिस की टीम जयपुर आई थी। आरोप है कि इन पुलिसकर्मियों ने केस को कमजोर करने और परिवार को राहत देने के बदले 2 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की। शिकायत के बाद एसीबी ने सत्यापन कराया, जिसमें रिश्वत मांगना सही पाया गया।

### होटल में बिछाया जाल, रंगे हाथों पकड़े गए

एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई करते हुए जयपुर के एक होटल में जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी ने 40 हजार रुपए की पहली किस्त ली, टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान जैसे ही एसीबी टीम मौके पर पहुंची, महिला सब-इंस्पेक्टर अनीता घबरा गईं और उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया। हालांकि, टीम ने तुरंत उन्हें चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई और उनकी स्थिति को नियंत्रित किया। यह पूरी कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र चौधरी के नेतृत्व में की गई, जबकि निगरानी उप महानिरीक्षक ओमप्रकाश मीणा द्वारा की गई।

### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में मामला दर्ज

एसीबी ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क में और कौन-

# नीट परीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक, कलक्टर-एसपी को सख्त निर्देश

**जयपुर।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले नीट री-एग्जाम को लेकर राजस्थान सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर उच्चस्तरीय बैठक लेकर परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन तथा अन्य संबंधित एजेंसियों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही गृह मंत्रालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की गंभीरता से पालना सुनिश्चित करने को कहा।

### परीक्षा केंद्रों की कलक्टर-एसपी करेंगे निगरानी

बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी जिला कलक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को परीक्षा केन्द्रों का स्वयं निरीक्षण करने और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाए और अफवाह फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। परीक्षा की गोपनीयता और पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



### छात्रों के लिए रहेंगी ये सुविधाएं

गर्मी के मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अभ्यर्थियों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### राजस्थान में 2 लाख 9 हजार अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान के 27 जिलों में 611 परीक्षा केन्द्रों पर लगभग 2 लाख 9 हजार अभ्यर्थी नीट री-एग्जाम में शामिल होंगे। सबसे अधिक 106 परीक्षा केन्द्र जयपुर में बनाए गए हैं। इसके अलावा सीकर में 102 और कोटा में 92 केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परीक्षा तैयारियों की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी।

### बैठक में ये लोग हुए शामिल

बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, महानिदेशक पुलिस (कानून एवं व्यवस्था) संजय अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्थान में टैक्स फ्री हुई कंगना रनौत की फिल्म

**जयपुर।** अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' को राजस्थान सरकार ने टैक्स फ्री घोषित कर दिया है। राज्य के वित्त (कर) विभाग ने इस संबंध में शनिवार को आदेश जारी कर दिए। जारी आदेश के अनुसार फिल्म पर लगने वाले एसजीएसटी की भरपाई राज्य सरकार करेगी। यह व्यवस्था अगले छह महीने तक लागू रहेगी, जबकि फिल्म के टिकटों के दाम नहीं बढ़ाए जा सकेंगे। बतादें, शुक्रवार को जयपुर के ईपी मिराज सिनेमाघर में फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई थी, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, फिल्म की मुख्य अभिनेत्री कंगना रनौत, निर्माता जयंतीलाल गड़ा, निर्देशक मनोज तापड़िया और बड़ी संख्या में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहे थे। फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद मीडिया से बातचीत में कंगना रनौत ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से फिल्म को टैक्स फ्री करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि यह फिल्म नर्सिंगकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों और उन अनसुने नायकों को समर्पित है जिन्होंने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की जान बचाई थी। उस दौरान दिया कुमारी ने भी सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा था कि वह इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से चर्चा करेंगी और कोई ठोस निर्णय निकालने का प्रयास करेंगी। स्क्रीनिंग के अगले ही दिन राज्य सरकार द्वारा फिल्म को कर-मुक्त घोषित किए जाने को उसी कड़ी का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सिनेमाघर और मल्टीप्लेक्स फिल्म के प्रदर्शन के दौरान एसजीएसटी की राशि दर्शकों से वसूल नहीं करेंगे और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार राज्य सरकार से इसकी प्रतिपूर्ति प्राप्त करेंगे

# गांवों के लिए 'गेमचेंजर' बनी स्वामित्व योजनाः गुजरात ने पेश किया रोल मॉडल, खत्म हुए पीढ़ियों के विवाद

## गुजरात ने स्वामित्व योजना में देश में पहला स्थान प्राप्त किया, 18 ।50 लाख से अधिक ग्रामीण संपत्तियों के प्रॉपर्टी कार्ड बने, प्रॉपर्टी कार्ड से ग्रामीणों को 50 लाख तक का लोन मिल रहा

**अहमदाबाद।** पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में जो बड़े कदम उठाए हैं, उनमें प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना एक गेमचेंजर के रूप में सामने आई है। दशकों से गांवों में आवासीय संपत्तियों के सटीक कागजात न होने के कारण ग्रामीण अपने ही घरों के कानूनी अधिकारों और वित्तीय लाभों से वंचित थे। आज इस योजना के ज़रिए न सिर्फ ग्रामीणों को उनका असली हक मिल रहा है, बल्कि इस महाअभियान में गुजरात ने पूरे देश में नंबर 1 बनकर एक नया इतिहास भी रच दिया है। राज्य की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि योजना के दूसरे चरण में देश भर में जितने भी प्रॉपर्टी कार्ड बने हैं, उनमें से आधे से अधिक (50त्न से ज्यादा) की हिस्सेदारी अकेले गुजरात की रही है।

### 14,900 ड्रोन उड़ानें और 18 ।50 लाख से अधिक प्रॉपर्टी कार्ड, गुजरात ने स्वामित्व योजना में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के कुशल नेतृत्व में गुजरात ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना को अभूतपूर्व गति देते हुए पूरे देश के सामने एक रोल




मॉडल पेश किया है। अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक से ग्रामीण संपत्तियों का सटीक मानचित्रण कर, राज्य सरकार द्वारा अब तक 18 ।50 लाख से अधिक ग्रामीण संपत्तियों के वैधानिक प्रॉपर्टी कार्ड तैयार किए जा चुके हैं। वर्ष 2021-22 में इस योजना के दूसरे चरण से जुड़ने वाला गुजरात आज अपने बेहतरीन प्रबंधन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पर पहुँच गया है। आँकड़ों पर नज़र डालें तो इस चरण में देश भर के 58,197 गांवों में ड्रोन उड़ानें हुईं और कुल 32,35,260 प्रॉपर्टी कार्ड बने। इनमें से अकेले गुजरात ने 14,900 गांवों में ड्रोन उड़ान और 11,511 गांवों का प्रमाणीकरण कर देश में सर्वाधिक 18,50,614 कार्ड तैयार किए हैं।

### मेहसाणा और अहमदाबाद अव्वल, 14,900 ड्रोन उड़ानों से पारदर्शी हुई व्यवस्था

इस महाअभियान को सफल बनाने में भारतीय सर्वेक्षण विभाग, गुजरात राजस्व विभाग और गुजरात पंचायती राज विभाग का बेहतरीन समन्वय रहा है। ड्रोन सर्वेक्षण और GIS आधारित मैपिंग ने ग्राम नियोजन को पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। इस प्रक्रिया में ज़िला स्तर पर मेहसाणा (1,66,504 कार्ड) और अहमदाबाद (1,53,125 कार्ड) सबसे आगे हैं। इसके अलावा खेड़ा, बनासकांठा और आणंद में भी 1-1 लाख से अधिक कार्ड तैयार किए गए हैं। पारदर्शी सत्यापन के बाद कार्ड जारी होने से पीढ़ियों से चले आ रहे भूमि विवाद और अदालती मामले लगभग खत्म हो गए हैं।

### वित्तीय समावेशन की नई लहर, प्रॉपर्टी कार्ड पर मिल रहा 50 लाख तक के लोन की सुविधा

इस योजना ने ग्रामीण संपत्तियों को एक वित्तीय परिसंपत्ति में बदल दिया है। कानूनी मान्यता मिलने के बाद अब नागरिक अपने प्रॉपर्टी कार्ड का उपयोग कर बैंकों से आसानी से लोन की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। गुजरात में इस कार्ड के आधार पर 50 लाख तक के बड़े बैंक लोन भी स्वीकृत किए गए हैं। इससे गांवों में व्यवसाय, शिक्षा और आजीविका के नए अवसर पैदा हुए हैं, जिसने महिलाओं और वंचित वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में एक गेमचेंजर की भूमिका निभाई है। योजना को जन-जन तक पहुँचाने के लिए राज्यभर में 14,000 से अधिक ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया है, जो डिजिटल और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत के विजन को साकार कर रहा है।

# गहलोत बोले-इंदिरा गांधी होती तो बीजेपी पर बैन लगा देती



**जयपुर।** जयपुर में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीजेपी पर धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये लोग धार्मिक धुव्रीकरण कर रहे हैं। इनकी सोच है कि हिंदुओं को हिंदुत्व के नाम पर भड़काओ और राज करो। अगर आज इंदिरा गांधी जैसी नेता पीएम होती तो बीजेपी पर बैन लगा देती। जयपुर में मौलाना अबुल कलाम आजाद वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की ओर से रविवार को आयोजित नवाब दादा कायम खां शहीद दिवस एवं सम्मान समारोह में गहलोत ने यह कहा। उन्होंने कहा कि बीजेपी राजनीतिक पार्टी होकर धर्म की राजनीति कर रही है। उत्तरप्रदेश में विधानसभा की 403 सीट हैं, आप एक भी सीट मुसलमान को नहीं दे रहे हो, दिखावे के लिए ही 5 सीट दे देते। यह देशवासियों को बताना चाहते हैं कि देखो हम हिंदुत्व की पार्टी हैं। मुख्तार अब्बास नकवी, शाहनवाज खान जैसे नेताओं को इन्होंने घर बैठा दिया। गहलोत ने कहा- यह लोग संविधान की शपथ लेते हैं, संविधान में सभी धर्म और जातियों के सम्मान की बात है। संविधान के अनुसार- आप धर्म के नाम पर राजनीति नहीं कर सकते हो। वहीं पलटवार करते हुए बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- गहलोत अपने आकाओं को खुश करने के लिए इस तरह की बयानबाजी करते हैं। जनता में उनकी छवि धूमिल हो रही है। जो सरकार लोकतांत्रिक तरीके से काम कर रही है, उस पर प्रतिबंध लगाने की सोच रहे हैं। इसका मतलब इन्होंने आपातकाल से कुछ सीखा नहीं है। इनकी मानसिकता आज भी विकृत है।

### भैरोसिंह शेखावत ने गवाह से समझाइश की

गहलोत ने कहा-भैरोसिंह शेखावत ने जब बाली से चुनाव लड़ा था, उनके मुंह से राम मंदिर के बारे में निकल गया। वो चुनाव जीत गए। इसके खिलाफ किसी ने हाईकोर्ट में रिट दायर कर दी कि धर्म का इस्तेमाल किया गया। मामला इतना गंभीर था कि उनकी सदस्यता जा सकती थी। बाद में भैरोंसिंह शेखावत मुख्यमंत्री बन गए। इस मामले में जो गवाह था, उसे उन्होंने पुलिस के सहयोग से बस से रास्ते में उतारा, उससे समझाइश की और वो बच गए। मेरा कहने का मतलब है कि एक वो जमाना था कि आप धर्म के नाम पर चुनाव नहीं लड़ सकते थे। आज चुनाव आयोग की मिलीभगत है, एसआईआर के नाम बिहार और बंगाल में क्या किया। आज धर्म के नाम पर पूरे देश में लोगों को भड़काया जा रहा है, लेकिन आज कोई इसका विरोध नहीं करता है।

### राहुल गांधी को नेतृत्व प्रदान करना चाहिए


अशोक गहलोत ने कहा- आज इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की जरूरत है। इसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी कांग्रेस की है। शिवसेना के संजय राउत ने कहा था कि आज जो पार्टियां कांग्रेस को छोड़कर गई थी।

# भरुच की जामा मस्जिद के जैन विहार होने का दावा, संतों ने की जांच की मांग

**अहमदाबाद।** गुजरात के भरुच की ऐतिहासिक जामा मस्जिद के जैन विहार होने का दावा करते हुए जैन व हिंदू संतों ने तहखाने में बंद खंडित अवशेष की जांच कराने की मांग की है। मुक्तानंद स्वामी की ओर से एक वीडियो वायरल करने के बाद से यह विवाद तूल पकडने लगा है, जैन मुनि राजसुंदर महाराज ने का कहना है कि तहखाने की खंडित प्रतिमा व बंद कुए की जांच हो तो भारत की एक ऐतिहासिक इमारत की सच्चाई सामने आ सकती है। जैन व हिंदू संतों ने भरुच की जामा मस्जिद के प्राचीन जैन समडी विहार होने का दावा करते हुए भरुच के शक्तिनाथ मंदिर मैदान में धरना प्रारंभ किया है। इससे पहले मुक्डतानंद स्डवामी ने जामा मस्जिद के तहखाने में पड़े पाषाण के खंडित अवशेषों के जैन अथवा हिंदू धर्म की प्रतिमा होने का दावा करते हुए एक वीडियो भी जारी किया। अब जैन समुदाय भी इस वीडियो के आधार पर जामा मस्जिद के जैन समडी विहार होने का दावा करते हुए भारतीय पुरातत्डव सर्वेक्षण विभाग से तहखाने में रखे पाषाण के खंडित अवशेषों की जांच कराने की मांग की है। गत दिनों संतों ने तहखाने का ताला हटाकर इसके भीतर जाने का प्रयास किया लेकिन उनहें इसकी इजाजत नहीं दी गई, अब संतों ने अपनी मांग को लेकर धरना प्रारंभ कर दिया है।

### 700 साल पुरानी इमारत

700 वर्ष पुरानी यह इमारत जामा मस्जिद के नाम से मशहूर है, मुस्लिम समुदाय के लोग यहां नमाज भी अता करते हैं। जैन संत राजसुंदर विजय महाराज का कहना है कि 14वीं सदी में मुस्लिम शासक ने जबरन जैन विहार को मस्जिद में परिवर्तित कर दिया था, अब इसकी जांच कर जैन समुदाय को सौंपा जाए ताकि इसका शुद्धीकरण कर जैन समडी विहार के रूप में उपयोग किया जा सके।



इसे जैन संत चक्रधर स्डवामी का जन्डम स्डथान भी बताया जा रहा है। भूमिगत तहखाने में रखे पाषाण के खंडित अवशेष के आधार पर जैन संत यह दावा कर रहे हैं कि इसकी शिल्पकला भी जैन विहार जैसी है।

### समडी अर्थात चील के मोक्ष से जुडी है दंतकथा


एक बार जैन संतों का समूह यहां से गुजर रहा था, एक समडी अर्थात चील घायल अवस्डथा में पडी थी। जैन संतों ने णमोकार महामंत्र का जाप करते हुए उसका मोक्ष कराया। इसलिए उस समडी का श्रीलंका के राजपरिवार में जन्डम हुआ। उसी ने यहां जैन समडी विहार का निर्माण कराया बताया।

### सारंगपुर हनुमान का ट्रेडमार्क व कॉपीराइट लिया

अहमदाबाद से करीब 40 किलोमीटर दूर प्रसिद्ध सारंगपुर हनुमान मंदिर का संचालन स्डवामीनारायण संप्रदाय करता है। संप्रदाय की ओर से सारंगपुर हनुमान मंदिर में लगी किंग ऑफ सारंगपुर प्रतिमा के फोटो, डिजाइन, कष्टभंजन, किंग ऑफ सारंगपुर नाम आदि का ट्रेडमार्क व कॉपीराइट कराने की बात सामने आ रही है। वर्ल्ड ब्राम्हण ऑर्गेनाइजेशन के अध्डयक्ष हेमांग रावल नेइस पर विरोध जताते हुए कहा है कि भगवान पर भक्डतों का पूर्ण अधिकार है, इस पर कोई ट्रसट एकाधिकार नहीं ले सकता। सनातन धर्म कोई ब्रांड नहीं है, कोई कॉरपोरेट संपत्डती नहीं है जिसका ट्रेडमार्क व कॉपीराइट लिया जा सके। यह तो करोड़ों लोगों के आस्डथा का केंद्र है। इसकी परंपरा, धरोहर व मान्डयताएं अक्ष्क्षुण है। रावल ने संप्रदाय से इस प्रकरण से जुड़े दस्डतावेज सार्वजनिक करने की मांग की है ताकि सनातन धर्म में आस्डथा रखने वालों को पता चले सके कि स्वामीनारायण संप्रदाय किन नामों व फोटो आदि पर एकाधिकार चाहता है। संप्रदाय पर इससे पहले वीर हनुमान का अपमान करने का भी आरोप लगा था।

# ट्रिपल सुसाइड से हड़कंपः वडोदरा में 24 घंटे में दो दोस्तों ने की खुदकुशी, तीसरे ने बिहार में दी जान

**अहमदाबाद।** वडोदरा के मकरपुरा इलाके में एक बहुत ही चौंकाने वाली और रहस्यमयी घटना सामने आई है, जिसमें दो प्रवासी दोस्तों ने 24 घंटे से कम समय में सुसाइड कर लिया, जिससे पूरे इलाके में हलचल मच गई। यह घटना तब और भी गंभीर हो गई जब, आम राय के अनुसार, यह जानकारी सामने आई कि इन दोनों युवकों के एक तीसरे दोस्त ने भी दो दिन पहले बिहार में फांसी लगा ली थी। शक है कि एक ही दोस्तों के ग्रुप के तीन युवकों की दुखद मौतों के पीछे कोई बड़ा राज छिपा हुआ है। पिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, कल मकरपुरा रेलवे स्टेशन पर एक अनजान लड़के ने पूरी स्पीड से आ रही मालगाड़ी के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। घटना की खबर मिलते ही रेलवे पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने बॉडी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मरने वाले की पहचान रवि कुशवाहा के तौर पर हुई। रवि असल में बिहार के रूह गांव का रहने वाला था और नौकरी की तलाश में वडोदरा आया था। रेलवे पुलिस ने उसकी बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए सयाजी हॉस्पिटल भेज दिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। हालांकि, रवि ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी सही वजह पता नहीं चल पाई है।



### दोस्त की मौत के कुछ ही घंटों में रूम पार्टनर ने भी फांसी लगा ली

पुलिस अभी रवि की सुसाइड की शुरुआती जांच कर ही रही थी कि मकरपुरा इलाके से एक और चौंकाने वाली खबर सामने आई। रवि का सबसे अच्छा दोस्त और रूम पार्टनर विकास कुशवाहा, जो उसी किराए के कमरे में रहता था, उसने भी मकरपुरा इलाके में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। एक ही कमरे में रहने और काम करने वाले दो दोस्तों के एक के बाद एक सुसाइड करने से आस-पास के लोग और पुलिस सिस्टम हैरान हैं। मकरपुरा पुलिस ने इस बात की गहराई से जांच शुरू कर दी है कि विकास के सुसाइड के लिए उसके दोस्त की मौत का सदमा ज़िम्मेदार था या कोई और पर्सनल वजह।

### बिहार में तीसरे दोस्त की मौत पर विवाद में रहस्य

इस पूरे दिल दहला देने वाले मामले में सबसे बड़ा ट्विस्ट तब आया जब लोगों में यह चर्चा शुरू हुई कि वडोदरा में जान गंवाने वाले इन दो युवकों के एक और करीबी दोस्त ने भी दो दिन पहले बिहार में सुसाइड कर लिया था। तीन दोस्तों की रहस्यमयी और बिना वजह हुई मौतों ने पूरे इलाके में कई तरह की अटकलों को हवा दे दी है। क्या ये युवक किसी पैसे की तंगी, मेंटल स्ट्रेस या किसी और गंभीर समस्या से जूझ रहे थे? इन सभी सवालों के जवाब पाने के लिए मकरपुरा पुलिस और रेलवे पुलिस ने मिलकर जांच शुरू की है। युवकों के होमटाउन बिहार में भी पुलिस से संपर्क करने की कोशिश की गई है।

# मेरी बांग्लादेशी पत्नी को डिपोर्ट मत करो, उसने हिंदू धर्म अपना लिया है, सरकार के आगे गिड़गिड़ाया पति



**आणंद।** गुजरात के एक शख्स ने राज्य सरकार से अपनी बांग्लादेशी मूल की पत्नी को वापस न भेजने की अपील की है। उसका दावा है कि पत्नी ने हिंदू धर्म अपना लिया है और अगर उसे मूल देश वापस भेजा गया तो उसकी जान को खतरा हो सकता है। यह मामला अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ शुरू किए गए राज्यव्यापी अभियान ऑपरेशन डेल्टा हंट के दौरान सामने आया है। महिला को लगभग दो सप्ताह पहले बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रहने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। राज्य के पुलिस महानिदेशक दफ्तर से जारी आंकड़ों के अनुसार, इस महीने अब तक पूरे गुजरात में 600 से अधिक बांग्लादेशी नागरिकों को देश में अवैध रूप से रहने के आरोप में पकड़ा गया है। इनमें से लगभग 60 लोगों को आणंद जिले में हिरासत में लिया गया। हिरासत में ली गई महिलाओं में एक महिला भी शामिल है जिसकी पहचान उसके पति ने काजल के रूप में की है। आरोप है कि वह लगभग एक दशक पहले अवैध रूप से भारत आई थी और बाद में आणंद जिले के रहने वाले तरुण पटेल से शादी कर ली। लंभवेल गांव के रहने वाले पटेल ने बताया कि 2012-13 में फेसबुक के जरिए उनकी मुलाकात काजल से हुई थी, जब वह बांग्लादेश में रहती थी, और धीरे-धीरे दोनों को प्यार हो गया। पत्रकारों से बात करते हुए पटेल ने दावा किया कि काजल ने बांग्लादेश में पासपोर्ट बनवाने की कोशिश की थी ताकि वे कानूनी रूप से शादी कर सकें, लेकिन उन्हें पासपोर्ट नहीं मिल सका। उन्होंने बताया कि परिवार के दबाव में किसी और से शादी करने के बजाय, वह आखिरकार अवैध रूप से भारत आ गई और आणंद पहुंच गई। पटेल ने कहा, तब से हम पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे हैं ।

# फर्जी सिम-बैंक खातों से चला रहे थे ऑनलाइन गेमिंग आईडी

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग आईडी के जरिए साइबर फ्रॉड करने वाली गैंग के तीन बदमाशों को शनिवार रात को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लोगों को गेमिंग के माध्यम से मोटी कमाई का लालच देकर अपने जाल में फंसाते थे। आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को अपने पोर्टल से जोड़ते थे। जीतने-हारने वाले दोनों तरह के खिलाड़ियों से आईडी ब्लॉक कर रकम ऐंठते थे। जांच में खुलासा हुआ कि गैंग अलग-अलग लोगों के नाम पर जारी सिम कार्ड और बैंक खातों का यूज कर लेन-देन करता था।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार डीग द्वारा पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ संपन्न



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा डीग।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा डीग के गायत्री मंदिर पर अधिक मास के उपलक्ष में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ जिला समन्वयक बृजभूषण शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने गायत्री मंत्र की महिमा और महत्व के बारे में बताया कि गायत्री साधना ही ईश्वर प्राप्ति का मार्ग है। गायत्री यज्ञ से विश्व का कल्याण होता है। यज्ञ करने से सभी कार्य आसानी से होते चले जाते है और वातावरण में शुद्ध होता है। मुख्य यजमान के रूप में प्रवीण चौधरी एडवोकेट, प्रेम प्रकाश शर्मा, दीपक शर्मा, सुनील खंडेलवाल , पहलवान थे। इस अवसर पर बृजेंद्र कुमार शर्मा, कुंदन शर्मा, सुकमा, विमलेश शर्मा, बिना मुद्गल, हरिओम त्रिपाठी दिल्ली, जिगर चौहान,भारती राजपूत, जयप्रकाश शर्मा एडवोकेट, अनिल शर्मा, शशि खंडेलवाल, सुषमा, विशेष आमंत्रित यजमान विक्की शर्मा, आरती शर्मा आदि गायत्री परिजन उपस्थित थे। तहसील संयोजक मुकेश सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया। यज्ञ के समापन पर सभी को प्रसादी दी गई।

## विश्व योग दिवस पर भरत कटारिया ककराना को चंवरा मंडल का सहसंयोजक बनाया

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** ककरानाअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला संयोजक राकेश शर्मा बगड़ ने संगठन का विस्तार करते हुए भरत सिंह कटारिया को उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र के चंवरा मंडल का सहसंयोजक व किशन लाल सैनी बागोली को संयोजक नियुक्त किया है।

## विश्व रक्त दानदाता दिवस पर 13 यूनिट रक्तदान

### आमजन की सक्रिय भागीदारी से हुआ स्वैच्छिक रक्तदान



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**अरुण मुंड/ झुंझुनू।** जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में विश्व रक्त दानदाता दिवस मनाया गया । विश्व रक्त दानदाता दिवस का शुभांरभ पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशू रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र भाम्बू ने किया। इस दौरान जिलेभर से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आए दानदाताओं का सम्मान किया गया । ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ राकेश कुमार ने बताया कि विश्व रक्त दानदाता दिवस के अवसर पर 13 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किया गया है। ब्लड सेंटर में पूर्ण ब्लड ,ब्लड के घटक यथा प्लाज्मा ,प्लेटलेट की सुविधा 24*7 उपलब्ध है। प्रतिवर्ष 4500-5000 आमजन को रक्त एवं रक्त के घटकों का रक्त आधान किया जाता है।जो कि जिलेभर में सर्वाधिक रक्त आधान है। इस दौरान आरएमओ डॉ सिद्धार्थ शर्मा, डॉ विजय झाझडियां , डॉ आकाश जाखड़, डॉ मेनका,डॉ विजेंद्र ज्याणी ,श्यामसुंदर शर्मा समेत कार्मिक उपस्थित रहे।

## उदयपुरवाटी के नजदीक कोट बांध में डूबने से एक की मौत

**सुमेर सिंह राव /उदयपुरवाटी।** कस्बे के निकटवर्ती कोट बांध में डूबने से रविवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई। उदयपुरवाटी सीआई रामपाल मीणा ने बताया कि रविवार को दोपहर में निकटवर्ती कोट बांध में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस कोट बांध पर पहुंची व गोताखोर रतनलाल गुर्जर की मदद से खोजबीन करने पर मृत बॉडी मिली। मृतक की बॉडी को बाहर निकलवाकर उदयपुरवाटी राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक की पहचान अजा?ी कलां निवासी राजेश पुत्र देवकरण जाट उम्र 46वर्ष के रूप में हुई। शव का आज सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द किया जायेगा।

## पिंक सिटी प्रेस के बाल अभिरुचि शिविर में बच्चों ने नाहरगढ़ जैविक उद्यान का भ्रमण किया

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब के समर कैंप में रविवार सुबह बच्चों को प्राकृतिक सौंदर्य के साथ नाहरगढ़ जैविक उद्यान का भ्रमण कराया गया। इस दौरान जैविक उद्यान के वनपाल राजाराम मीणा ने बच्चों को वनस्पति, और वन्य जीवों के सामन्जस्य एवं विचरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक सरंचना के साथ पेड-पौधे एवं पशु पक्षियों के लाभों एवं उनकी सुरक्षा के बारें में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति एवं पशु, पक्षियों के प्रति प्रेम व्यवहार रखना चाहिए, क्रूरता नहीं करनी चाहिए।

# लोहार्गल में अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सूर्य कुंड में लगाई डुबकी

## वेंकटेश बालाजी मंदिर में आज फूल बंगला झांकी भी सजाई जाएगी, आज सोमवती अमावस्या पर भी श्रद्धालु सूर्यकुंड में लगाएंगे आस्था की डुबकी, मंदिरों में आज श्रद्धालुओं की रहेगी भीड़

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में रविवार को अमावस्या पर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ रही प्रशासन की तरफ से भी मांकूल व्यवस्था की गई थी द्य रविवार को अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सूर्य कुंड में डूबकी लगाकर मंदिरों में दर्शन कर मन्नत मांगी एवं दान पुण्य किया द्य रविवार को अमावस्या पर लोहार्गल के अधिकांश मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली द्य अमावस्या दो दिन होने की वजह से रविवार को भी श्रद्धालुओं ने सूर्य कुंड में डुबकी लगाई द्य आज भी सोमवती अमावस्या होने के कारण श्रद्धालु सूर्यकुंड में डूब के लगाकर पुण्य कमाएंगे द्य लोहार्गल के सूर्य



मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य नारायण के दर्शन कर मन्नत मांगी एवं धोक लगाई। वेंकटेश मठ लोहार्गल धाम के स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि लोहार्गल के सिद्ध पीठ वेंकटेश बालाजी मंदिर में भी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ रही।

श्रद्धालुओं ने वेंकटेश भगवान के दरबार में धोक लगाकर मन्नत मांगी द्य वेंकटेश बालाजी मंदिर के अश्वनी आचार्य महाराज के अनुसार पुरुषोत्तम मास के पावन संगम सोमवती अमावस्या के दिन आज वेंकटेश बालाजी मंदिर परिसर में फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी द्य प्रशासन की तरफ से आज सोमवती अमावस्या पर लोहार्गल में माकूल व्यवस्था देखने को मिलेगी।

# सामाजिक कुरीतियों पर लगाया प्रतिबंध, छात्रावास निर्माण हेतु 11 सदस्यीय समिति गठित

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**चित्तौड़गढ़।** अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान जिला चित्तौड़गढ़ की जिला स्तरीय सामाजिक बैठक रविवार को बस्सी स्थित माँ टुकड़ा माता जी परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन एवं शिक्षा के विकास को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। युवा जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह सिसोदिया ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से मृत्यु भोज में केवल एक मिठाई बनाने तथा धोवरा प्रथा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही समाज के विद्यार्थियों के लिए जिले में छात्रावास निर्माण की दिशा में पहल करते हुए 11 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। बैठक में आगामी सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी कालू सिंह सोलंकी, सत्यनारायण सिंह, कान सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान, जिला महामंत्री हिम्मत सिंह भाटी, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोहर



सिंह भाटी, पूर्व कोषाध्यक्ष जयकिशन सिंह राठौड़, रघुवीर सिंह (सरपंच, अभयपुर) सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। बैठक में सामाजिक एकता, शिक्षा के प्रसार एवं समाज सुधार के लिए सभी सदस्यों ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। समाज हित में लिए गए निर्णयों का उपस्थित समाजजनों ने स्वागत किया।

## झड़ाया में 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ का शानदार आगाज 17 जून से

### पचलंगी से झड़ाया धाम आश्रम तक साधु संतों के सानिध्य में कल निकलेगी विशाल कलश यात्रा, कलश यात्रा के दौरान ड्रोन से होगी पुष्प वर्षा




● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** उपखंड क्षेत्र के झड़ाया बजरंग धाम आश्रम पर 17 जून से आयोजित होने वाले 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ का शानदार आगाज बुधवार से शुरू होगा। झड़ाया बजरंग धाम आश्रम की महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ द्य यज्ञ सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया व व्यवस्थापक विकास जांगिड़ एवं मीडिया प्रभारी अशोक जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि कल 16 जून मंगलवार को पचलंगी से झड़ाया बजरंग धाम आश्रम तक साधु संतों के सानिध्य में एक विशाल ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली जाएगी द्य सेवानिवृत्ति पीटीआई भगवान सहाय यादव, महेंद्र तेतरवाल व हनुमान यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कल आयोजित होने वाली कलश यात्रा में ड्रोन से जगह-जगह पुष्प वर्षा की जाएगी द्य कलश यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पचलंगी जी से झड़ाया बजरंग धाम आश्रम तक जगह-जगह तोरण द्वार भी बनाए गए हैं द्य मंगलवार को कलश यात्रा को ध्यान में रखते हुए झड़ाया बजरंग धाम आश्रम के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास महाराज ने महिलाओं को पीले चावल बांटकर निमंत्रण देकर कलश यात्रा में शामिल होने के लिए महिलाओं को न्योता दिया।

# जयपुर में लहरिया 2026 राजस्थानी सांस्कृतिक उत्सव के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया

**जयपुर।** विद्याधर नगर डांस स्टूडियो में %लहरिया ङ्क राजस्थानी कल्चर इवेंट 2026 के आधिकारिक पोस्टर विमोचन किया गया। मुख्य आयोजक एक्ट्रेस शिवानी पुरोहित और एसोसिएशन पार्टनर जयपुर वर्किंग वीमेन कम्युनिटी की ओर से दीपा यादव व डांस स्टूडियो की ओनर अंजू मेम और कोरियोग्राफर गौतम पटवा ने इस आगामी कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च किया। जो की 25 जुलाई को जयपुर में आयोजित किया जा रहा है, 25 जून आखिरी तारिक रखी गई हैं , पहले 500 रजिस्ट्रेशन के अन्तर्गत आने वाले प्रतिभागी को गिफ्ट हम्पेर दिया जाएंगे , इस खास मौके पर स्टूडियो की की महिला को कार्यक्रम की डिटेल्स बताई गई , इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हमारी राजस्थानी संस्कृति, परंपरा और महिलाओं के आत्मविश्वास को एक साथ मंच पर लाकर जश्न मनाना है। इस विमोचन में




नीलम कुमावत , सरोज कवर खींची , निधि शेखावत , ममता कवर खींची , वैशाली खंडेलवाल , भारती चौधरी , ललिता सैनी , हर्षिका चौधरी , रेखा वर्मा , प्रीति , जयश्री , सविता पुरोहित ,शीतल वर्मा मुख्य रूप से मौजूद रही।

## अग्रवाल समाज सांगानेर की मीटिंग आयोजित: वंशिका के लिए रखा दो मिनट का मौन

**जयपुर।** अग्रवाल समाज सांगानेर की कार्यकारणी की एक मीटिंग रविवार को सुबह टोंक रोड एक रेस्टोरेंट में हुई। जिसमें अग्रवाल समाज प्रताप नगर की बालिका वंशिका के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रख कर उसके मौत के जिम्मेदार को तुरन्त कानूनी कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखा। समिति के महासचिव योगेन्द्र गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर अग्रसेन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया जिसमें विशाल डांडिया के साथ सांगानेर क्षेत्र के समस्त अग्रवाल समाज की सामूहिक गोठ करने का निर्णय लिया गया मीटिंग में आर के रूंगटा, सुरेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, जे बी गुप्ता, बी जी गुप्ता,सतीश अग्रवाल,नीरज गुप्ता, अशोक गोयल, राजेन्द्र अग्रवाल सहित सभी कार्यकारणी सदस्य मौजूद रहे।

## एमरा रक्तदान शिविर में 348 यूनिट रक्त संग्रहित

**जयपुर।** ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन (एमरा ) द्वारा संतोकबा दुर्लभजी हॉस्पिटल में आयोजित वार्षिक रक्तदान शिविर में 348 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह शिविर भावेश सोलंकी एवं राम शर्मा की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। एमरा का यह लगातार छठा रक्तदान अभियान था, जिसमें मोबाइल उद्योग से जुड़े ब्रांड्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, रिटेलर्स, चैनल पार्टनर्स एवं शुभचिंतकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। एमरा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं की टीम संतोकबा दुर्लभजी हॉस्पिटल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और उद्योग जगत का यह सामूहिक प्रयास अनेक जरूरतमंदों को नया जीवन प्रदान करेगा। कार्यक्रम में एमरा के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव नवनीत पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील मोदी, प्रदेश महासचिव हरनाम सिंह, जोनल उपाध्यक्ष अरुण चांडक, जयपुर महासचिव हरीश फूलवानी, जयपुर उपाध्यक्ष हरीश कुमार एवं लोकेश कुमार सहित एमरा राजस्थान टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विश्व रक्तदान दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसैलाब

**जयपुर।** ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट (रजि.) एवं अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन महिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर नवजीवन ब्लड बैंक, जयपुर में विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया तथा मानव सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जितेन्द्र श्रीमाली, निवर्तमान चेयरमैन, भवन निर्माण समिति, नगर निगम जयपुर रहे। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित रक्तदान करने का आह्वान किया।

ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष श्री प्रमोद जैन भंवर ने बताया कि संस्था समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों के लिए




सदैव समर्पित है तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। मनीषा जैन कुसुम, प्रदेश उपाध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन महिला इकाई ने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में वैश्य फेडरेशन महिला इकाई अध्यक्ष चारु गुप्ता, सचिव सीमा सेठी, उपाध्यक्ष सीमा विजयवर्गीय, नीरज वार्ष्णेय , अशोक भंडारी , मनोज सोगानी , सहित शीतल जैन, रोहित जैन, रेखा खूंटेटा, अंजली गुप्ता, मिताली गुप्ता एवं अनामिका सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे और शिविर की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

नवजीवन ब्लड बैंक से डॉ मनोज भारद्वाज ने बताया शिविर के दौरान रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया तथा सभी सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

एक यूनिट रक्त, कई जिंदगियों के लिए आशा की किरण बन सकता है।

इसी संदेश के साथ रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## आरोग्य भारती, सांगानेर द्वारा महल योजना के शिव मंदिर पार्क में हुआ योगाभ्यास

**जयपुर।** आरोग्य भारती, सांगानेर महल योजना बी ब्लॉक के शिव मंदिर पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों हेतु योग का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जयपुर आयुर्वेद एवं योग महाविद्यालय के प्रशिक्षक संजय जी व संजू चौधरी ने योगाभ्यास कराया। इस दौरान 85 वर्षीय वरिष्ठ योगाचार्य महावीर ने कठिन आसनों का प्रदर्शन कर सबको अचंभित कर दिया। कार्यक्रम में प्रांत सह सचिव डॉ. महेंद्र उपाध्याय ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। योग आयाम संयोजक राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि पिछले 15 दिनों से जारी इस श्रृंखला का यह 10वां कार्यक्रम था। आगामी 21 जून तक अलग-अलग स्थानों पर ऐसे शिविर चलेंगे और योग दिवस पर प्रताप नगर में मुख्य सामूहिक कार्यक्रम होगा। आज के आयोजन में 40 साधकों ने भाग लिया। अंत में जिला सचिव डॉ. विमल गर्ग ने सभी का धन्यवाद किया तथा आयोजन व्यवस्थापक रजनी ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# 11 संतों का सानिध्य: 40 कुंडीय यज्ञ में 108 जोड़े दंपतियों ने दी महायज्ञ अनुष्ठान आहूतिया

**जयपुर।** हिन्द सिंध के महान संत युगपुरुष आचार्य श्री सद्गुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज के पावन चालीहा महोत्सव के उपलक्ष्य में 40 कुंडीय महायज्ञ अनुष्ठान का विशाल अयोजन किया गया। विशाल महायज्ञ अनुष्ठान में 108 जोड़ों दंपतियों ने सामूहिक आहुति दे विश्व कल्याण की मंगल कामना की।

### चालीहा उत्सव में 40 का है विशेष महत्व

चालीहा अर्थात 40 दिन तक चलने वाला महोत्सव है। पूज्य स्वामी मोहन प्रकाश जी महाराज ने बताया कि चालीहा में 40 का विशेष महत्व है। 40 दिन नाम जप, 40 दिन हवन यज्ञ अनुष्ठान, 40 व्रत उपासना, 40 दिन परोपकार सेवा, 40 दिन मंदिर दरबार दर्शन आदि कार्य विशेष रूप से फलदायक है। आचार्य सतगुरू स्वामी टेऊँराम जी की माता कृष्ण देवी को 40 दिन की व्रत उपासना से आचार्य श्री के रूप में दिव्य संतान की प्राप्ति हुई थी ।

### मंत्रोच्चारण से वातावरण में आध्यात्मिक और वैज्ञानिक परिवर्तन

11 विद्वान पंडितों वेदाचार्य के मुख द्वारा मंत्रोच्चारण से 40 मिनट हुए हवन यज्ञ अनुष्ठान से वातावरण में आध्यात्मिक और वैज्ञानिक परिवर्तन देखने को मिलता है। हवन यज्ञ अनुष्ठान के दौरान निकलने वाली ध्वनि तरंगें और औषधीययुक्त सुगंध मिलकर आसपास की हवा, पवित्र को शुद्ध करते हैं तथा मस्तिष्क और मन को शांति व एकाग्रता प्रदान करते हैं। संतो ने बताया कि पुराने समय में भी ऋषि मुनियों संत महात्माओं द्वारा वायु मौसमपरिवर्तन, मनोकामना प्राप्ति ओर विश्व कल्याण के लिए यज्ञ अनुष्ठान किये जाते थे ।

### इन्द्रदेव हुए महरवान सम्मिलित हुए यज्ञ अनुष्ठान में

शुभ कार्यों में अक्सर भगवान इन्दर देव स्वयं आशीर्वाद देने आता ,शनिवार को भी यही दृश्य देखने को मिला । प्रातः 6 बजे से प्रारंभ हुए अनुष्ठान में नन्ही नन्ही बूंदों से इंद्र देव ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई ओर महा यज्ञ तक स्वयं बन कर अनुष्ठान को सफल कर आशीर्वाद दिया। विशाल महायज्ञ अनुष्ठान में स्वामी मनोहर लाल जी महाराज संत मोहन लाल जी महाराज, संत नवीन जी, संत हरीश जी, संत झामन दास जी, संत अविनाश, ऋषि भरत पुनीत आदि संत महात्मा एवं अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे !

### सदगुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज का 84 वा वरसी उत्सव

16 जून से 20 जून तक भक्ति भाव से श्री अमरापुर स्थान जयपुर में मनाया जाएगा। उत्सव में प्रेम प्रकाश ग्रन्थ गीता जी के पाठ साहब, सत्संग आरती सतनाम साक्षी मंत्र जाप सामूहिक चालीसा पाठ सोलह शिक्षाएं प्रार्थना 20 जून शनिवार को संतो का सत्संग, ग्रन्थ गीता जी पाठों का परायण कुष्ठ आश्रम में भोजन सेवा एवं विशाल भंडारा आदि होगा।

## किलावड़ी धाम में आज विशाल मेला एवं प्रसादी का आयोजन

**मनोहरपुर।** कस्बे के किलावड़ी जोड़ी कल्याणपुरा उदावाला स्थित पावन किलावड़ी धाम में सोमवार, आज विशाल मेला एवं प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन श्री श्री 108 रघुनन्दन दास जी महाराज के सानिध्य एवं भगवान शिव की असीम कृपा से संपन्न होगा।

# फ्रांस के नीस में मोदी-मैक्रों ने द्विपक्षीय बैठक की

## साथ में सेल्फी ली; भारत-फ्रांस के बीच एफटीए, डिफेंस और एआई से जुड़े 13 बड़े समझौते हुए

**नई दिल्ली/पेरिस/ब्रातिस्लावा।** फ्रांस के नीस शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ रविवार को द्विपक्षीय बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी शामिल रहे। इस दौरान दोनों देशों के बीच 13 बड़े समझौते हुए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में रक्षा, व्यापार, टेक्नोलॉजी, स्पेस और शिक्षा पर बात हुई। दोनों देशों ने अगले 5 वर्षों में आपसी व्यापार को दोगुना करने के लिए एक हाई-लेवल सिस्टम और इकोनॉमिक सिक्योरिटी डायलॉग की शुरुआत की है। इससे पहले दोनों नेताओं ने 'भारत इनोवेट्स 2026' प्रोग्राम का उद्घाटन किया, जिसमें भारत, फ्रांस और अन्य देशों के स्टार्टअप्स और वेंचर कैपिटल फंड्स ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम के बाद राष्ट्रपति मैक्रों प्रधानमंत्री मोदी को नीस के पास स्थित विला केरीलोस घुमाने ले गए। यह फ्रांस की प्रसिद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है। मैक्रों ने यहां पीएम के साथ सेल्फी ली और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया। पीएम मोदी 13 जून से फ्रांस-स्लोवाकिया के 6 दिन के दौरे पर हैं। वे 17 जून को फ्रांस के एवियान में जी7 समिट में शामिल होंगे। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलेंगे। दोनों नेताओं के बीच ट्रेड डील पर बातचीत होगी।





### इनोवेशन प्रोग्राम में पीएम बोले- दोनों देशों का विजन एक, 5 बड़ी बातें

#### भारत-फ्रांस का रिश्ता खास

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस का रिश्ता सिर्फ व्यापार या रणनीतिक साझेदारी तक सीमित नहीं है। यह भरोसे, साझा सोच और साझा लक्ष्यों पर आधारित है। दोनों देश मिलकर दुनिया की कई बड़ी चुनौतियों का समाधान खोजने की दिशा में काम कर रहे हैं।

#### भारत इनोवेट्स युवाओं के लिए बड़ा मंच

मोदी ने कहा कि भारत इनोवेट्स भारतीय प्रतिभा और यूरोपीय निवेश को जोड़ने वाला मंच है। इससे भारतीय स्टार्टअप्स, युवा उद्यमियों और नए आइडिया को दुनिया के बड़े निवेशकों और विशेषज्ञों तक पहुंचने का मौका मिलेगा।

#### फ्रांस से 114 राफेल विमानों की डील पर चर्चा

भारत और फ्रांस के बीच राफेल लड़ाकू विमान को लेकर बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच हुई बैठक में राफेल के मुद्दे पर खास चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का पूरा ध्यान मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने पर है। भारत चाहता है कि डिफेंस प्रोजेक्ट्स में डिजाइनिंग से लेकर विमान बनाने तक का सारा काम दोनों देश मिलकर करें। इनमें सबसे अहम वायु सेना के लिए 114 रफाल की डील है। करीब सवा 3 लाख करोड़ रुपए के इस सौदे में भारत विमानों के साझा विकास और उत्पादन के अलावा टेक्नोलॉजी का पूरा ट्रांसफर चाहता है। जरूरतों के हिसाब से इन विमानों पर मिसाइलें और अन्य हथियार लगाने के लिए सोर्स कोड को लेकर भी भारत अपना रुख स्पष्ट करेगा। मोदी कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति ने अभी तक इस डील पर मुहर नहीं लगाई है।

#### भारत और फ्रांस बना सकते हैं एआई का ओपन सोर्स मॉडल

अभी दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दो बड़े मॉडल हैं। पहला- अमेरिकी, जो पूरी तरह से निजी कॉर्पोरेट्स के मुनाफे पर टिका है और दूसरा चीनी, जो सरकारी नियंत्रण पर आधारित है। लेकिन, भारत और फ्रांस दुनिया को तीसरा यानी ओपन सोर्स मॉडल देने की तैयारी में हैं। मोदी ने कहा कि एक दशक पहले तक भारत को दुनिया एक टेक्नोलॉजी अडॉप्टर मानती थी, लेकिन आज भारत टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर (समाधान देने वाला) बन चुका है। वहीं, राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत को बताते हुए कहा कि 1.4 अरब की आबादी वाला यह देश हर साल 10 लाख से ज्यादा इंजीनियर तैयार करता है, जो पूरे यूरोप और अमेरिका को मिलाकर बराबर हैं।

#### भारत स्टार्टअप्स का बड़ा केंद्र

प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में 100 से ज्यादा स्टार्टअप्स शामिल हैं, लेकिन भारत में 2 लाख से ज्यादा स्टार्टअप्स काम कर रहे हैं। ये स्टार्टअप्स भारत के साथ-साथ दुनिया की अर्थव्यवस्था और तकनीकी विकास में भी योगदान दे रहे हैं।

#### नई तकनीकें बदलेंगी भविष्य

मोदी ने कहा कि दुनिया कई चुनौतियों से गुजर रही है, लेकिन हर चुनौती नए मौके भी लेकर आती है। एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, बायोटेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष तकनीक जैसी नई तकनीकें आने वाले समय में दुनिया का भविष्य तय करेंगी।

#### युवा दे रहे हैं समस्याओं का समाधान

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में स्टार्टअप क्रांति चल रही है। देश के युवा नई सोच के साथ लोगों की समस्याओं का हल निकाल रहे हैं। भारत ग्लोबल इनोवेशन का नेतृत्व कर रहा- मैक्रों ने कहा कि भारत रिसर्च, इनोवेशन और तकनीकी विकास के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। भारत हर साल यूरोप और अमेरिका को मिलाकर जितने इंजीनियर तैयार होते हैं, उतने इंजीनियर तैयार करता है। दुनिया भारत के साथ इनोवेशन करना चाहती है- मैक्रों ने कहा कि अब सवाल यह नहीं है कि भारत इनोवेशन करता है या नहीं। सवाल यह है कि दुनिया में कौन भारत के साथ मिलकर इनोवेशन करेगा।

#### मोदी के नेतृत्व की तारीफ

मैक्रों ने नरेंद्र मोदी को स्वतंत्रता के बाद सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उनकी दृढ़ कार्यशैली, भारत की ताकत और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है।

#### ऊर्जा और जलवायु पर साथ काम कर रहे दोनों देश

नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की बड़ी संभावनाएं हैं। स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर जैसी नई परमाणु तकनीकों में भी भारत और फ्रांस साथ काम कर सकते हैं।

# ब्राजील- बंजी जम्पिंग के दौरान रस्सी बांधे बिना फेंका

## 21 साल की युवती की मौत, पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत में लिया



**ब्राजिलिया।** ब्राजील के साओ पाउलो राज्य में बंजी जंपिंग के दौरान एक हादसे में 21 साल की युवती की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कर्मचारियों ने युवती को सेफ्टी रोप लगाए बिना ही पुल से छलांग लगवा दी, जिससे वह 130 फीट से ज्यादा गहराई में जा गिरी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक युवती की पहचान मारिया एडुआर्डा रोड्रिग्स डी फ्रेटास के रूप में हुई है। वह एक निजी कंपनी की ओर से आयोजित बंजी जंपिंग एक्टिविटी में हिस्सा लेने पहुंची थी। यह हादसा स्केलेटन ब्रिज पर हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कर्मचारी युवती को पुल के किनारे लेकर जाते हैं और उसे नीचे छोड़ देते हैं। जैसे ही वह गिरने लगती है, वहां मौजूद लोगों को एहसास होता है कि उसकी सेफ्टी रोप नहीं बंधी है। वीडियो में कई लोग जोर से चिल्लाते सुनाई देते हैं, रोप... रोप..., लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और युवती गहरी खाई में गिर चुकी थी। पुलिस ने घटना के बाद मौके से छह लोगों को हिरासत में लिया है।

# विमेंस वर्ल्ड कप- भारत ने पाकिस्तान को 64 रन से हराया

## दीप्ति ने 10 रन देकर 5 विकेट लिए; स्मृति मंधाना ने 68 रन बनाए

**बर्मिंघम।** भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 64 रन से हरा दिया। एजबेस्टन में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए। भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 44 गेंदों में 68 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 36 रन की पारी खेली। ऋचा घोष ने 17 बॉल पर 34 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से सादिया इकबाल और फातिमा सना ने 2-2 विकेट लिए। तस्मिया रुबाब और रामीन शमीम को 1-1 सफलता मिली। 171 रन का पीछा कर रही पाकिस्तान 17 ओवर में 106 रन पर ऑलआउट हो गई। मुनीबा अली ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। भारत से दीप्ति शर्मा ने 10 रन देकर 5 विकेट लिए। श्री चरणी को 3 और शेफाली वर्मा को एक विकेट मिला। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स 18 रन के अंदर आउट हो गईं। इसके बाद स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभाला।

# ट्रम्प बोले- इजराइली हमले से ईरान डील कुछ घंटे टली

## अभी तक समझौता हो जाना चाहिए था, लेकिन अब थोड़ी देर बाद होगा

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि लेबनान पर इजराइली हमले से ईरान के साथ पीस डील की साइनिंग कुछ घंटों के लिए टल गई। एक्सिओस से बातचीत में ट्रम्प ने कहा, इजराइली हमले ने मामला हिला दिया। इससे साइनिंग कुछ घंटे लेट हो गई। अभी तक समझौता हो जाना चाहिए था, लेकिन अब यह कुछ घंटे बाद होगा। ट्रम्प के मुताबिक, जब उनके सलाहकारों ने उन्हें बेरूत पर हमले की जानकारी दी तो वह हैरान रह गए। उन्होंने कहा, यह बहुत बुरा था। हम डील पर हस्ताक्षर करने से सिर्फ एक घंटे दूर थे। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प ने इस मुद्दे पर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के प्रति भी नाराजगी जताई। हालांकि ट्रम्प ने भरोसा जताया कि समझौता अब भी पटरी पर है। उन्होंने दावा किया कि प्रस्तावित डील ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकेगी, उसके परमाणु कार्यक्रम पर सख्त निगरानी सुनिश्चित करेगी और अचानक निरीक्षण की अनुमति देगी। ईरान सभी कारोबारी जहाजों के लिए होर्मुज तुरंत खोल देगा। इसके बदले अमेरिका ईरानी बंदरगाहों पर लगी अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटाना शुरू करेगा। अमेरिका कुछ समय के लिए ईरान के तेल निर्यात पर लगी पाबंदियों में भी छूट देगा।




### ट्रम्प बोले- ईरान से कहेंगे कि इजराइल पर जवाबी हमला न करे

बनान में इजराइली हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान से इजराइल पर जवाबी हमला न करने के लिए कहेंगे। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि वह चाहते हैं कि मौजूदा तनाव और न बढ़े, खासकर ऐसे समय में जब अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते की कोशिशें जारी हैं।

### ईरानी राष्ट्रपति बोले- हमलों के बावजूद पड़ोसी देशों से रिश्ते मजबूत

ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि हालिया घटनाओं और हमलों के बावजूद आसपास के देशों के साथ संबंध मजबूत हुए हैं। पजशकियान ने कहा, हालिया घटनाओं के बावजूद पड़ोसी देशों के साथ बहुत अच्छे रिश्ते बने हैं। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र में मौजूद कई गलतफहमियां अब दूर होने की राह पर हैं। उनके मुताबिक, विभिन्न देशों के बीच बातचीत और संपर्क बढ़ने से रिश्तों में सुधार आया है।

### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स

**ट्रम्प का दावा- रविवार को शांति समझौता होगा:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि दोनों देशों के बीच रविवार को समझौता होगा और इसके बाद होर्मुज स्ट्रेट सभी जहाजों के लिए खोल दिया जाएगा। ईरान ने ट्रम्प के दावे पर सवाल उठाए- ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि रविवार को समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होंगे। बातचीत जारी है, लेकिन अभी कोई अंतिम तारीख तय नहीं हुई है। **समझौते के बाद 60 दिन की नई बातचीत का प्लान:** रिपोर्ट के मुताबिक पहले एक अंतरिम स्थ्र साइन होगा। इसके बाद 60 दिनों तक परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में राहत और होर्मुज स्ट्रेट के संचालन जैसे मुद्दों पर तकनीकी बातचीत होगी। **भारत-अमेरिका के बीच जहाजों पर हमलों को लेकर तनाव:** भारत ने भारतीय नाविकों वाले जहाजों पर हमलों को लेकर दूसरी बार अमेरिकी राजनयिक को तलब किया। वहीं ट्रम्प ने आरोप लगाया कि ईरान ने भारतीय जहाजों को निशाना बनाने की कोशिश की थी।
**ईरान ने यूरेनियम छिपाने के लिए सुरंगें बंद कीं:** CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने इस्फहान परमाणु केंद्र में रखे हाईली एनरिच्ड यूरेनियम तक पहुंचने वाली कई सुरंगों को बंद कर दिया है और रास्तों पर विस्फोटक माइंस बिछा दी हैं।

### ओमान के पास डूबे भारतीय जहाज के सभी 14 क्रू मेंबर सुरक्षित

ओमान के तट के पास संकट में फंसे भारतीय ध्वज वाले जहाज MSV विराट-1 के सभी 14 भारतीय क्रू मेंबरों को सुरक्षित बचा लिया गया है। मस्कट में भारतीय दूतावास ने रविवार को बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। दूतावास के मुताबिक सभी नाविकों को बचाकर जबेल अली 9 जहाज पर ट्रांसफर कर दिया गया है। यह जहाज अब मुंबई की ओर रवाना हो चुका है। दूतावास ने कहा कि सभी क्रू मेंबर सुरक्षित हैं और उनकी हालत अच्छी है। यह हादसा 14 जून की सुबह ओमान के रास अल हद तट से करीब 80 नॉटिकल मील दूर हुआ था। जानकारी के मुताबिक भारतीय जहाज MSV विराट-1 में तकनीकी खराबी आने के बाद स्थिति बिगड़ गई और अंततः जहाज समुद्र में डूब गया।

# मानसून छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर पहुंचा:एमपी-राजस्थान समेत 9 राज्यों में प्री-मानसून एक्टिव

### बिजली गिरने से यूपी और झारखंड में 12 की मौत

**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना।** मानसून की झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों में एंट्री हो गई। फिलहाल यह छत्तीसगढ़ की बॉर्डर पर है। अगले 3 दिन में इसके मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश पहुंचने की संभावना है। 4 जून को केरलम में दस्तक देने के बाद मानसून 9 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है। फिलहाल, देश के कई राज्यों में प्री मानसून एक्टिव है। राजस्थान समेत 9 राज्यों में तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश में शनिवार शाम भोपाल समेत 4 जिलों में तेज बारिश हुई। कई जगहों पर बिजली के तार, पेड़ टूट कर गिरे। यूपी में आंधी-बारिश के दौरान हुए हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, झारखंड में बिजली गिरने से 3 महिलाओं समेत 7 की मौत हो गई।





### 8 राज्यों में गर्मी का असर, पारा 40डिग्री पार

राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई शहरों में शुक्रवार को पारा 40डिग्री से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा महाराष्ट्र के यवतमाल में दर्ज किया गया। यहां पारा 42.4डिग्री रहा। वहीं छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 42डिग्री, गुजरात के भावनगर में 41.9डिग्री, राजस्थान के जैसलमेर में 40.8डिग्री दर्ज किया गया। मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा के 26 जिलों में आज हीटवेव का अलर्ट है। ओडिशा, कोस्टल आंध्र प्रदेश और कोंकण गोवा में मौसम उमस भरा रहेगा।

### 19 जून तक इन राज्यों में बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने से 19 जून तक उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में बारिश होती रहेगी। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड में 14 से 19 जून तक बारिश की संभावना। हिमाचल प्रदेश में 14 से 19 जून के बीच बारिश का दौर। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 19 जून तक रुक-रुक कर बारिश। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 14 जून और 18-19 जून को बारिश के आसार। पश्चिमी राजस्थान में 14 से 17 जून और 19 जून को बारिश की संभावना। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में 14 जून को तेज हवाएं चल सकती हैं। उत्तराखंड में 15 जून तक बारिश की संभावना बनी रहेगी। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 14 जून को आंधी और बिजली गिरने की आशंका है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।